कार्यालय वनमण्डलाधिकारी उत्तर बालाघाट वनमण्डल बालाघाट (म.प्र.)
Telephone No. : (07632) 247044, 247487 Fax No. : (07632) 247487
E-mail : dfonbalaghat@mpforest.org dfontbgt@yahoo.co.in

क्रमांक / मा.चि. / 3778 बालाघाट, दिनांक 3 /10 / 2017

प्रति,

मे. धरमजी मोरारजी
केमिकल्स कम्पनी लिमि. (महाराष्ट्र)
वर्तमान पता – सी–1 फार्चुन डीलाईट
आदर्श नगर होशंगाबाद रोड़ भोपाल (म.प्र.)

विषय :– बालाघाट जिले के उत्तर (सा.) वनमण्डल के वन परिक्षेत्र पश्चिम बैहर क्षेत्रान्तर्गत वन कक्ष क्रमांक 1491 में रकबा 40.468 हेक्टे वन क्षेत्र पर बाक्साइड खनिज उत्खनन हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम के तहत वन भूमि व्यपवर्तन का ऑनलाईन प्रस्ताव।

संदर्भ :– आपका पत्र क्रमांक / DMCC / 33 / 2017 दिनांक 24–04–2017 एवं Gmail दिनांक 24–04–2017

---000---

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र से प्राप्त प्रस्ताव में आवेदित वनक्षेत्र 40.468 हेक्टेयर में पहुंचने हेतु क्रोई पहुंच मार्ग उपलब्ध नही होने के कारण मुख्य वनसंरक्षक एवं पदेन वनसंरक्षक बालाघाट के पत्र क्रमांक / DM/2903 दिनांक 22–09–2017 से उक्त प्रस्ताव मूलतः वापस भेजते हुये निर्देशित किया गया है कि, बाक्साईट खनिज उत्खनन के लिये प्रस्तावित वन क्षेत्र में पहुंच मार्ग हेतु लगने वाली आवश्यक वनभूमि को प्रकरण में शामिल करते हुये नवीन प्रकरण / पुनरीक्षित प्रकरण तैयार किया जावे।

अतएव प्रस्ताव मूलतः आपकी ओर वापस भेजते हुये निर्देशित किया जाता है कि, विषयांकित प्रकरण में आवेदित वनक्षेत्र तक पहुंच मार्ग मानचित्र में दर्शाते हुये आवश्यकता अनुसार वनभूमि का समावेश कर नवीन / पुनरीक्षित प्रस्ताव ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करे तथा पहुंच मार्ग हेतु प्रस्तावित वन भूमि के एवज में समतुल्य गैर वनभूमि उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करे।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार प्रस्ताव मूलतः वापस।

3/10

वनमण्डलाधिकारी
उत्तर (सा.) वनमण्डल बालाघाट

पृष्ठां. क्रमांक / मा.चि. / 3779 बालाघाट, दिनांक 3 /10 / 2017

प्रतिलिपि :– मुख्य वनसंरक्षक एवं पदेन वनसंरक्षक बालाघाट वन वृत्त बालाघाट की ओर उनके पत्र क्रमांक / DM/2903 दिनांक 22–09–2017 के संदर्भ में सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
उत्तर (सा.) वनमण्डल बालाघाट